# भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही: निर्मला

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार कर रही है प्रयास

श्रीमी चौधरी



वित्त मंत्री ने गुरुवार को लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि जब वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं महंगाई और मंदी की दोहरी चुनौतियों से जूझ रही हैं तब भी भारत आशावादी और सकारात्मक होने की स्थिति में है।

उन्होंने कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से रोकने के लिए किए जा रहे उपायों का भी जिक्र किया जिसमें विशेष रूप से टमाटर शामिल है और इसमें पड़ोसी देशों से दालों और टमाटर का आयात करना भी शामिल है।

सीतारमण ने मौजूदा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए लोकसभा में कहा, 'वर्ष 2013 में मॉर्गन स्टैनली ने भारत को दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया था, आज उसी मॉर्गन स्टैनली ने भारत को ऊंची रेटिंग दी है और यह रेटिंग हमारी सरकार की नीतियों और आर्थिक सुधार की वजह से मिल रही है और इसी वजह से भारत अपनी भविष्य की वृद्धि को लेकर आशावादी और सकारात्मक है। पिछले 9 वर्षों में, कोविड के बावजूद हमारी सरकार की बेहतर नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था में वृद्धि हुई और आर्थिक विकास हुआ। फिलहाल हम दुनिया की सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में खड़े हैं।' मॉर्गन स्टैनली ने पिछले सप्ताह भारत की स्थिति को 'ओवरवेट' में अपग्रेड किया जिसके बाद भारत इसकी ब्रोकिंग कंपनी के पोर्टफोलियो के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया है।

वित्त मंत्री ने वैश्विक पृष्ठभूमि का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था महंगाई और मंद वृद्धि की दोहरी चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, 'वर्ष 2022 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 3 प्रतिशत थी और वर्ष 2023 के लिए विश्व बैंक के अनुमान से यह संकेत मिलते हैं कि यह कम होकर 2.1 प्रतिशत रह सकती है। इस बीच भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 7.2 प्रतिशत है और वर्ष 2023-24 में इसके 6.5 प्रतिशत तक के स्तर पर पहुंचने का अनुमान लगाया गया है।' उन्होंने इस बात का जिक्र भी किया कि अमेरिका, ब्रिटेन जैसे विकसित देश और यूरो क्षेत्र बड़ी मुश्किल स्थिति का सामना कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा, 'यूरोपियन सेंट्रल बैंक और बैंक ऑफ इंगलैंड ने कई बार ब्याज दरें बढ़ाईं। इसके अलावा चीन जैसी महत्त्वपूर्ण अर्थव्यवस्था को भी उपभोक्ताओं की मांग और वेतन स्थिरता से जुड़े मुद्दों से जूझना पड़ रहा है।'

केंद्रीय मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार द्वारा अमल किए गए विभिन्न उपायों का जिक्र करते हुए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार के कार्यों के साथ उसकी तुलना की। उन्होंने कहा, 'पूर्ववर्ती संप्रग सरकार में भ्रष्टाचार और पूंजीवादी सांठगांठ के कारण पूरा एक दशक बरबाद हो गया। लेकिन पिछले 9 वर्षों में हमारी सरकार ने विपरीत परिस्थिति और संकट को सुधार तथा अवसर में बदलने का काम किया गया। उदाहरण के तौर पर आप बैंकिंग क्षेत्र को ही लें हमें संप्रग सरकार के दौरान फैलाए गए रायता को साफ करना पड़ा।'

कुछ खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रित करने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ ने राजस्थान, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उत्तर प्रदेश में करीब 882,000 किलोग्राम टमाटर का वितरण किया और यह वितरण आने वाले दिनों जारी रहेगा। सीतारमण ने कहा, 'आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की थोक मंडियों में टमाटर की कीमतें 100 रुपये से कम हो गईं हैं और हमें उम्मीद है कि इससे हमें मदद मिलेगी। हमने आज तक कोलार मंडी से दिल्ली तक 85 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से टमाटर की खरीद की है और हम आयात प्रतिबंधों को हटाकर नेपाल से टमाटर का आयात शुरू करेंगे। शुक्रवार तक नेपाल से टमाटर की पहली खेप बनारस और कानपुर तक पहुंच जाएगी।'

दाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले साल के मुकाबले तुअर दाल के आयात में बढ़ोतरी है और मोजांबिक से भी माल आ रहा है। इसी तरह उड़द दाल का आयात भी म्यांमार से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मूंग और मसूर दाल की पर्याप्त आपूर्ति है। इसके अलावा किसी संभावित कीमत बढ़ोतरी को रोकने के लिए 300,000 टन प्याज को बफर स्टॉक से जोड़ा गया है। कांग्रेस सरकार के 'गरीबी हटाओ' नारे का हवाला देते हुए उन्होंने सवाल किया कि क्या ऐसा वास्तव में हो पाया। उन्होंने कहा, 'संप्रग के समय 'बनेगा, मिलेगा' जैसे शब्द प्रचलन में थे। लेकिन आजकल लोग 'बन गया, मिल गया, आ गया' जैसे शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सभी को सशक्त करने और किसी का तुष्टीकरण नहीं करने पर भरोसा करते हैं।'


चर्चा के दौरान ही उन्होंने मदुरै में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के लिए प्रस्तावित बजट आवंटन का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण में देरी की वजह से आवंटन राशि बढ़कर 700 करोड़ रुपये हो गई है और इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है।

# 'डेटा संरक्षण विधेयक पारित होना अच्छा कदम'




फ्लिपकार्ट ने गुरुवार को कहा कि डेटा संरक्षण विधेयक पर वह सरकार के रुख का समर्थन करती है। डेटा सुरक्षा की जवाबदेही निर्धारित करने के प्रावधान वाले 'डिजिटल वैयक्तिक डेटा संरक्षण विधेयक, 2023' को बुधवार को संसद ने मंजूरी दी थी। इस विधेयक में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के संरक्षण तथा व्यक्तिगत डेटा का संवर्द्धन करने वाले निकायों पर साधारण और कुछ मामलों में विशेष बाध्यता लागू करने का उपबंध किया गया है। लोकसभा में यह विधेयक 7 अगस्त को पारित हो चुका है।

फ्लिपकार्ट के कॉरपोरेट मामलों के मुख्य अधिकारी रजनीश कुमार ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा कदम है। इस पर हमारी राय एक है और चूंकि इसे अभी पारित किया गया है, इसलिए हम इसकी समीक्षा कर रहे हैं। हमारा पूरा डेटा भारत में है, इसलिए यह हमारे लिए बेहद महत्त्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए, हम इस विधेयक पर विचार करेंगे, इसे पढ़ेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि अगर इसमें सुधार की जरूरत है तो हम ऐसा करना जारी रखेंगे।' इससे पहले विधेयक के बारे में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि पिछले कई वर्षों में संसद की स्थायी समिति सहित अनेक मंचों पर कई घंटों तक इस पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि 48 संगठनों तथा 39 विभागों एवं मंत्रालयों ने इस पर चर्चा की और इसके लिए 24 हजार सुझाव तथा विचार प्राप्त हुए। **भाषा**




संसद में फ्लाइंग किस पर विवाद !


LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA**
**Central Office: Yogakshema, Jeevan Bima Marg, Mumbai - 400021**
(IRDAI Reg. No. 512 dated 01.01.2001)

**UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2023 (IN RESPECT OF TOTAL BUSINESS )**

₹in lakh

| Sr. No. | Particulars | Three months ended/as at | | | Year Ended as at |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-Jun-23 | 31-Mar-23 | 30-Jun-22 | 31-Mar-23 |
| 1 | Premium Income (Gross) [1] | 98,91,572.02 | 1,32,43,221.18 | 98,94,067.63 | 4,76,63,279.16 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 9,73,355.34 | 13,19,094.87 | 63,123.07 | 36,08,093.50 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) [2] | 9,73,355.34 | 13,19,094.87 | 63,123.07 | 36,08,093.50 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 9,63,498.31 | 13,19,079.43 | 60,278.68 | 35,99,664.60 |
| 5 | Equity Share Capital (Paid-up) | 6,32,499.77 | 6,32,499.77 | 6,32,499.77 | 6,32,499.77 |
| 6 | Reserves (excluding Revaluation Reserve and fair value change account) | 49,72,313.57 | 40,10,087.18 | 5,59,021.13 | 40,10,087.18 |
| 7 | Earnings Per Share (Face value of Rs.10 each) continuing and discontinued operations)- | | | | |
| | 1. Basic: | 15.23 | 20.86 | 0.95 | 56.91 |
| | 2. Diluted: | 15.23 | 20.86 | 0.95 | 56.91 |

**Key number of Unaudited Standalone Results of the Company are as under:**

₹in lakh

| Sr. No. | Particulars | Three months ended/as at | | | Year Ended as at |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-Jun-23 | 31-Mar-23 | 30-Jun-22 | 31-Mar-23 |
| 1 | Premium Income (Gross)[1] | 98,50,944.65 | 1,31,96,386.23 | 98,48,585.12 | 4,74,66,813.63 |
| 2 | Profit before tax | 9,63,464.04 | 13,42,185.93 | 70,442.39 | 36,45,678.15 |
| 3 | Profit after tax | 9,54,371.26 | 13,42,781.16 | 68,288.90 | 36,39,738.99 |

**Notes:**

1. Premium income is gross of reinsurance and net of Goods & Service Tax.
2. Net Profit/(Loss) before tax, for the period is Profit before tax as appearing in Profit and Loss Account (Shareholders' account)
3. The above figures is an extract of the detailed format of Quarterly/ Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Stock Exchange websites (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and the Corporation's website (www.licindia.in)
4. The financial results include the figures for the quarter ended 31/03/2023 being the balancing figures between the audited figures in respect of full Financial Year 2022-23 and the published unaudited figures upto the third quarter of the previous financial year.
5. The New Indian Accounting Standards (Ind AS) are currently not applicable to insurance industry in India.

**For and on behalf of the Board of Directors**

**Place:- Mumbai**
**Date:- 10.08.2023**

**Ms. Mini Ipe**
**Managing Director**
**(DIN: 07791184)**


# स्टार्टअप: 12 फीसदी वेतन बढ़ा

शिवानी शिंदे




**वर्ष** 2022-23 में भारत के स्टार्टअप ने 8-12 प्रतिशत के बीच औसत वेतन वृद्धि की है। एलिवेशन कैपिटल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वेतन बढ़ोतरी में प्रदर्शन की हिस्सेदारी 50 फीसदी है, वहीं अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने और प्रमोशन पाने जैसे कारकों को 20 फीसदी तक के दायरे में रखा जाता है।

वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं की भूमिका में कर्मचारी शेयर विकल्प (इसॉप) एक प्रमुख घटक है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वित्त वर्ष में कम नकद वेतन बढ़ोतरी हुई और करीब 50 प्रतिशत कंपनियों ने नेतृत्वकर्ताओं को अतिरिक्त इक्विटी अनुदान की पेशकश की।

एलिवेशन कैपिटल के उपाध्यक्ष (टैलेंट) कल्लान एच कहते हैं, 'व्यापक स्तर की चुनौतियों को देखते हुए भारतीय स्टार्टअप प्रतिभाशाली लोगों को काम पर रखने और उनकी नौकरी बरकरार रखने के लिए महंगाई के अनुरूप ही वेतन में बढ़ोतरी करके माहौल के अनुरूप रणनीति अपना रहे हैं। हालांकि अंतर काफी अहम है और छोटे से मध्यम स्तर के स्टार्टअप में प्रौद्योगिकी पेशवरों की वेतन बढ़ोतरी सामान्य है।'

कल्लान कहते हैं कि नेतृत्वकर्ता की भूमिकाओं वाले लोगों को नकद वेतन बढ़ोतरी के बजाय मुआवजे में सुधार के साथ-साथ नए शेयरों के अनुदान दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'कर्मचारी और स्टार्टअप द्वारा इसॉप को देखने के तरीके में हम एक सांस्कृतिक बदलाव देख रहे हैं और नेतृत्वकर्ता के स्तर यह काफी उच्च स्तर पर देखा जाता है।'

# थिएटरों से कंपनियों तक...

पृष्ठ 1 का शेष

**लिमिटेड** एडिशन वाले ये पैक दर्शकों को बहुत लुभाएंगे और इस फिल्म के लिए रोमांच भी बढ़ाएंगे।'

फ्रेशवर्क्स और उसके संस्थापक गिरीश मातृभूतम पर भी रजनीकांत का जादू छाया है। अपने कर्मचारियों को 20 अगस्त को यह फिल्म दिखाने के लिए कंपनी सात स्क्रीन्स पर 2,200 टिकट बुक करा चुकी है। मातृभूतम ने 2021 में रजनीकांत के सम्मान में नैसडैक में अपने आईपीओ को 'प्रोजेक्ट सुपरस्टार' कोड नाम दिया था। वह रजनी को अपना आदर्श मानते हैं।

हिंदुजा लीलैंड फाइनैंस भी अपने कर्मचारियों, बैंकरों और शुभचिंतकों के लिए जेलर का खास शो करवा रही है। खबर है कि फिल्म का पहले दिन का पहला शो देखने के लिए एक परिवार ओसाका से चेन्नई आया है।

### कंपनियों की दिलचस्पी

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि जेलर बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड बना सकती है मगर कंपनियां रजनी की पिछली फिल्मों की तरह जोश में नहीं हैं।

ट्रेड विश्लेषक मनोबाला विजयबालन ने कहा, 'दो साल बाद सुपरस्टार रजनीकांत की कोई फिल्म थिएटरों में रिलीज हो रही है। इस साल की तमिल फिल्मों में इसकी शुरुआत जबरदस्त रहेगी। यह तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक के अलावा विदेशी बाजारों से भी काफी कमाई करेगी। हर कोई रजनी ब्रांड से जुड़ना चाहता है।'

रजनीकांत की खास शैली के कारण उनकी पिछली छह फिल्मों- अनाथे, दरबार, पेट्टा, 2.0, काला और कबाली - ने 2,000 करोड़ से 2,500 करोड़ रुपये के बीच कमाई की, जबकि उनमें से दो फिल्मों का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं था। फिल्म उद्योग पर नजर रखने वाली फर्म सैकनिक के मुताबिक जेलर भारत में पहले दिन 42 करोड़ रुपये कमा सकती है। चर्चा है कि यह फिल्म भारत और अमेरिका में अग्रिम बुकिंग के जरिये करीब 19 करोड़ रुपये जुटा भी चुकी है।

बुकमाईशो के मुख्य परिचालन अधिकारी आशिष सक्सेना ने बताया, 'बुकमाईशो पर तमाम शहरों में जेलर के अब तक करीब 9 लाख टिकट बुक हो चुके हैं।' इसकी तुलना में गदर 2 के लिए 3 लाख टिकट बुक हुए हैं। चिरंजीवी की फिल्म भोला शंकर के तो केवल 70,000 और अक्षय कुमार की ओ माई गॉड 2 के 45,000 टिकट ही बिके हैं।

तमिलनाडु थिएटर ऐंड मल्टीप्लेक्स ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तिरुपुर एम सुब्रमण्यन ने बताया, 'पहले चार दिनों के लिए तमिलनाडु के सभी 900 थिएटर हाउस फुल हो चुके हैं। इनमें से हरेक थिएटरों में औसतन 600 सीटें हैं। इससे पहले सप्ताह की कमाई का अंदाजा आप खुद लगा सकते हैं।'


insecticides (INDIA) LIMITED
TRACTOR BRAND IIL

पंजीकृत कार्यालय: 401-402, लूसा टावर, आज़ादपुर कमर्शियल कॉम्प्लैक्स, दिल्ली-110 033; टेलीफैक्स: 011-27679700-05
वेबसाइट: www.insecticidesindia.com, इमेल: investor@insecticidesindia.com, CIN: L65991DL1996PLC083909

**30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष** (₹ लाख में, प्रति शेयर आय के अतिरिक्त)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही की समाप्ति | | | वार्षिक समाप्ति | तिमाही की समाप्ति | | | वार्षिक समाप्ति |
| | | 30-6-2023 (अलेखापरीक्षित) | 31-3-2023 (लेखापरीक्षित) | 30-6-2022 (अलेखापरीक्षित) | 31-3-2023 (लेखापरीक्षित) | 30-6-2023 (अलेखापरीक्षित) | 31-3-2023 (लेखापरीक्षित) | 30-06-2022 (अलेखापरीक्षित) | 31-3-2023 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 64,384.07 | 30,230.94 | 56,088.35 | 1,80,259.24 | 64,384.07 | 30,230.94 | 56,088.35 | 1,80,259.24 |
| 2 | कर अदायगी के पूर्व शुद्ध लाभ | 3,948.92 | (3,902.73) | 5,061.54 | 8,360.71 | 3,959.96 | (3,931.73) | 5,092.78 | 8,382.91 |
| 3 | कर अदायगी के पश्चात शुद्ध लाभ | 2,903.11 | (2,900.82) | 3,799.66 | 6,298.75 | 2,914.15 | (2,929.66) | 3,830.90 | 6,321.12 |
| 4 | अवधि के दौरान कुल समेकित आय [कर पश्चात लाभ व कर पश्चात अन्य आय सहित] | 3,053.70 | (2,980.79) | 3,924.15 | 6,327.55 | 3,064.05 | (3,008.36) | 3,955.89 | 6,353.03 |
| 5 | पेड–अप इक्विटी शेयर पूँजी (वास्तविक मूल्य ₹10/- प्रति शेयर) | 2,959.78 | 2,959.78 | 1,973.19 | 2,959.78 | 2,959.78 | 2,959.78 | 1,973.19 | 2,959.78 |
| 6 | पिछले वित्तीय वर्ष के तुलना पत्र में प्रदर्शित लेखापरीक्षित आरक्षित निधि (पूनर्मूल्यन निधि के अतिरिक्त) | - | - | - | 88,609.09 | - | - | - | 88,869.19 |
| 7 | प्रति शेयर आय (वास्तविक मूल्य ₹10/- प्रति शेयर) (वार्षिक नहीं) | | | | | | | | |
| | आधारभूत | 9.81 | (9.80) | 12.84 | 21.28 | 9.85 | (9.90) | 12.94 | 21.36 |
| | मिश्रित | 9.81 | (9.80) | 12.84 | 21.28 | 9.85 | (9.90) | 12.94 | 21.36 |

**नोट:**

a) उपरोक्त अवतरण, सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रगटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में 30 जून, 2023 के अंत में दाखिल तिमाही का अलेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का सार है। एकल और समेकित वित्तीय परिणाम और व्याख्यात्मक टिप्पणियों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.insecticidesindia.com पर उपलब्ध है।

b) उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानक (इंड एएस), कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा लागू दिशानिर्देशों के अनुसार है। इंड–एएस कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 और उसके बाद के संशोधनों के तहत निर्धारित हैं।

c) सदस्यों के अनुमोदन के बाद, 31 मार्च, 2023 को समाप्त पिछले वर्ष के दौरान कंपनी की अधिकृत शेयर पूँजी ₹2500 लाख जिसमें 2,50,00,000 इक्विटी शयेर्स हैं जिसका अंकित मूल्य ₹10/– प्रति शेयर है से बढ़कर ₹3500 लाख हो गया था जिसमें 3,50,00,000 इक्विटी शेयर्स शामिल थे जिसका अंकित मूल्य ₹10/– प्रति शेयर था। इसके अलावा, 06 अक्टूबर, 2022 को आवंटन समिति ने ₹10/– प्रति शेयर के अंकित मूल्य के 98,65,946 इक्विटी शेयर्स को प्रत्येक दो इक्विटी शेयर के लिए ₹10/– अंकित मूल्य के एक बोनस इक्विटी शेयर के अनुपात में आवंटित किया है, जैसा कि रिकॉर्ड में दर्ज़ है और प्रतिभूति प्रीमियम से ₹986.59 की राशि का पूंजीकरण किया गया है। बोनस शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में प्रभावी कार्य दिवस 17 अक्टूबर, 2022 पर सूचीबद्ध थे। इसने उपर्युक्त वित्तीय परिणामों को प्रभावित नहीं किया है, प्रति शेयर आय को छोड़कर, जिसे इंड–एएस 33 'प्रति शेयर कमाई' के अनुसार प्रस्तुत सभी अवधि में बोनस इश्यू के लिए समायोजित किया गया है।

d) 30 जून, 2023 को समाप्त अवधि के दौरान समूह द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को 01 मई, 2023 को आईआईएल ओवरसीज डीएमसीसी (दुबई) में सम्मिलित किया गया था। पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कीटनाशकों, कृषि और पशु चिकित्सा कीटनाशक उत्पादों के व्यापार का व्यवसाय चलाएगी।

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
इन्सेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड
ह–
(राजेश कुमार अग्रवाल)
प्रबंध निदेशक
DIN-00576872

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 10/08/2023

